तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज जितेन्द्र परिहार बनाम लो.सू.अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर) सू.अ.अ.अपील सं0 226/2023 (ऑनलाईन नं0 353845592391790)	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09.11.23	अपीलार्थी जितेन्द्र परिहार निवासी रातियों की ढाणी, तहसील भोपालगढ जिला जोधपुर (ग्रामीण) ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 16.06...2023. में उसके द्वारा (1) हलका पटवारी बुचकला ग्राम बांकलिया तहसील पीपाड़शहर के ख.नं. 325, 44, 127, 128, 129, 130, 44/1, 127/1, 128/1, 129/1, 130/1, 293, 290 मदनलाल, कानाराम परसाराम पुत्र फुवाराम जाति माली, खीयाराम जयराम बिरमराम पुत्र घेवरराम जाति माली बांकलिया जो की मेरे वंशज है इनसे संबंधित समस्त भूमि में भूमि संबंधित प्राप्त प्रार्थना पत्र, नाम परिवर्तन फौत हाने की नक्शें में बदलाव, भूमि रूपान्तरण विभिन्न अभियानों में संशोधन आज दिनांक से गत 20 वर्ष तक निम्नलिखित दस्तावेजों सत्यापित प्रति ; से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर) से जरिये पत्रांक 6583 दिनांक 08.09.23 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत चाही गई सूचना तहसीलदार पीपाड़शहर से संबंधित होने से संबंधित कार्यालय को इस कार्यालय के पत्र क्रमांक रीडर/2023/4389 दिनांक 19.06.2023 तहसीलदार पीपाड़शहर को सूचना उपलब्ध कराने हेतु धारा 6(3) के तहत अन्तरण किया गया तथा प्रार्थी को तहसीलदार पीपाड़शहर से प्राप्त करने हेतु सूचित किया गया। चूंकि लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी पीपाड़शहर) द्वारा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र तहसीलदार पीपाड़शहर को स्थानान्तरित कर दिया गया तथा प्रार्थी को तहसीलदार पीपाड़शहर द्वारा सूचना नहीं दी गई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा तहसीलदार पीपाड़शहर को निर्देशित किया जाता कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारण से अवगत कराया जाय। *आदेश की* प्रति संबंधित को सूचनार्थ एव पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (हिमांशु गुप्ता) जिला कलक्टर जोधपुर(ग्रामीण) जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	